(ख) और (ग). संलग्न सूची के अनुसार 27 स्थानों पर टेलीफोन एक्सचेंज खोलने के लिये उनकी व्यवहार्यता का अध्ययन हो रहा है। यदि वित्तीय दृष्टि से लाभकारी हुआ तो इन स्थानों पर चालू वर्ष और अगले वित्तीय वर्ष के दौरान उत्तरोत्तर एक्सचेंज खोलने का प्रस्ताव है।

**विवरण**

**स्थानों की सूची**

| जिला | क्रम संख्या | स्थान |
|---|---|---|
| जूनागढ़ | 1. | बागवादर |
| | 2. | बेदान |
| | 3. | भेंसा |
| | 4. | दलासा |
| | 5. | फाटाना |
| | 6. | धन्दबाद |
| | 7. | खिरसरा |
| | 8. | रघोपुर |
| | 9. | रांणाकंडोरना |
| | 10. | सासनगिर |
| | 11. | मुदारपडा |
| | 12. | खिम्बी |
| राजकोट | 13. | भुपगाढ़ |
| | 14. | दहीसारा |
| | 15. | हालिन्द्रा |
| | 16. | जियाना |
| | 17. | खाचिया |
| | 18. | लाय |
| | 19. | मकानसर |
| | 20. | माधोपुर |
| | 21. | मोविया |
| | 22. | रिब्दा |
| | 23. | सानोसरा |
| | 24. | शिवराजगढ़ |
| जामनगर | 25. | बालाचढ़ी |
| | 26. | बेट |
| | 27. | जामवली |

**पूर्णिया बिहार में मेडिकल कालेज अस्पताल की स्थापना करना**

5295. **श्री लखन लाल कपूर** : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तरी बिहार सभी क्षेत्रों में पिछड़ा हुआ है और विशेषकर कोसी अंचल की दशा शोचनीय है ; और

(ख) क्या सरकार का विचार पूर्णिया जिले के मुख्यालय में एक मेडिकल कालेज और अस्पताल की स्थापना हेतु कोई कदम उठाने का है ?

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री राज नारायण)** : (क) और (ख). बिहार राज्य में पहले से ही नौ मेडिकल कालेज हैं। भारतीय चिकित्सा परिषद् के पास उपलब्ध 1975-76 की सूचना के अनुसार इन कालेजों में 1000 छात्रों ने दाखिला पाया था।

पांचवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान केन्द्रीय क्षेत्र में कोई नया मेडिकल कालेज खोलने की इस समय कोई योजना नहीं है, क्योंकि योजना आयोग के अनुसार वर्तमान मेडिकल कालेजों से पढ़ कर इतने डाक्टर निकल रहे हैं जो हमारी डाक्टरों संबंधी आवश्यकताओं के लिए काफी हैं।